आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 29.03.2026

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा दृ पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न की। इस चुनौती से सफलता से बाहर निकलने का विश्वास प्रकट किया।
- आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अफवाहों से सतर्क रहने और केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करने का आग्रह किया।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने उद्यमियों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर उद्योगों का विस्तार करने का आह्वान किया।
- और, प्रदेश को टीवी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है।

.............................................................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है।

प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकल जाएगा।

श्री मोदी ने कहा कि देश के कई हिस्सों में गर्मी शुरू होने के साथ ही, पानी बचाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध होने का समय आ गया है।

.............................................................

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रभावी कूटनीति के कारण मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध का भारत की तेल और गैस आपूर्ति पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। नैनीताल में उन्होंने बातचीत में बताया कि वैश्विक स्तर पर कीमतों में वृद्धि के बावजूद केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर जनता को राहत देने का प्रयास किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने संतुलित विदेश नीति अपनाते हुए इजरायल और ईरान दोनों के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं। हार्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बावजूद भारतीय जहाजों को आवाजाही की अनुमति मिलना इसी कूटनीतिक सफलता का परिणाम है। वहीं, उन्होंने लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस क्षेत्र में ऊर्जा संसाधनों के बजाय मानव

संसाधन की अधिक आवश्यकता होती है और इसके माध्यम से देश में लगभग 33 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

.........................................................

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय उद्यमिता महोत्सव का देहरादून में आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी ने एमयूवाई ओलम्पिक्स का शुभारंभ करते हुए उद्यमिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 लाभार्थियों को सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और लोक कल्याणकारी सोच के साथ सर्वांगीण विकास को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने आमजन से विकास कार्यों में सुझाव देकर भागीदारी निभाने की अपील की।

.........................................................

पौड़ी

पौड़ी जिला उद्योग केंद्र की ओर से आयोजित तीन दिवसीय हिमालयन इंडस्ट्री एंड बिजनेस एक्सपो का समापन हो गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कार्यक्रम में शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के एक्सपो स्थानीय उद्यमियों, स्वरोजगार से जुड़े युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने उद्योगों का विस्तार करें और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं।

.........................................................

टीवी मुक्त

प्रदेश को टीवी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार चल रहा है। इस संबंध में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विभाग द्वारा स्क्रीनिंग की जा रही है। देहरादून के मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि देहरादून जिले में टीवी के 192 हॉट जोन चिन्हित किए गए हैं, जहां पर स्वास्थ्य विभाग लगातार स्क्रीनिंग कर रहा है। अभी तक तीन स्थानों पर जाकर स्क्रीनिंग की जा चुकी है तथा अन्य चिन्हित स्थानों पर एक्स–रे की कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि निदेशालय से चार और मशीनों की मांग की गई है। अतिरिक्त मशीनें उपलब्ध होने पर काम में और गति आएगी और जल्द ही सभी चिह्नित जगहों पर स्क्रीनिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा।

.........................................................

चंपावत

भारत सरकार के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन में चम्पावत जिला लगातार आठवीं बार प्रदेश में अव्वल रहा। जिले ने फरवरी माह में भी 40 रैंकिंग मदों में से 39 में 'ए' श्रेणी हासिल कर 99.19 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। जिले ने कुल 123 अंकों में से 122 अंक प्राप्त

कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं बागेश्वर 97.44 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और पिथौरागढ़ 95.73 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा चम्पावत जिले को आदर्श चम्पावत बनाने की परिकल्पना के तहत कई सारे कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 40 घटकों की समीक्षा में जिले ने सभी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगातार सात–आठ माह में पहले स्थान के साथ शीर्ष पर काबिज है।

.........................................................

क्यूआरटी की छापेमारी

देहरादून जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जिला प्रशासन की क्विक रिस्पॉन्स टीम–क्यूआरटी निरंतर सघन छापेमारी अभियान चला रही है। क्यूआरटी टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 7 गैस एजेंसियों एवं 87 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। छापेमारी के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिले में एलपीजी की कालाबाजारी से संबंधित 6 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। साथ ही अभियान के दौरान 210 घरेलू, 139 व्यावसायिक और 13 छोटे गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गैस की कालाबाजारी एवं घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

.........................................................

राजस्व लोक अदालत

चम्पावत जिले की सभी तहसीलों में राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया। राजस्व लोक अदालत के दौरान विभिन्न तहसीलों में आपसी सुलह एवं सहमति के आधार पर 80 मामलों का निस्तारण किया गया। इससे न केवल न्याय प्रक्रिया में तेजी आई बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी मजबूती मिली। इस विशेष अभियान के तहत जिले की बाराकोट तहसील को राजस्व वाद मुक्त घोषित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि राजस्व लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी न्यायालयों में लंबित मामलों को आपसी सुलह समझौते से निपटाना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में 100 से अधिक मामले आये, जिसमें 80 मामलों का न्याय संगत निस्तारण किया गया।

.........................................................